# वाहनों में हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

## वाहन चालक असुरक्षित तरीके से कर रहे गैस रिफिलिंग, हो सकता है हादसा



**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर में गैस रिफिलिंग का कारोबार खुलेआम चल रहा है। घरेलू सिलेंडरों से निकालकर फुटकर में छोटे गैस सिलेंडरों में गैस 180 से 200 रुपए किलो के हिसाब से भरी जा रही है। बिना सुरक्षा के खुलेआम चल रहे इस कारोबार से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मालूम हो कि नगर के गैस चूल्हा दुकानदार सिलेंडर से गैस निकालकर दो लीटर तथा पांच लीटर के सिलेंडरों में भरकर गैस बेच रहे है। नगर में यह धंधा खूब चल रहा है,गैस रिफिलिंग के समय निकलने वाली गैस से कभी भी हादसा हो सकता है। घरेलू गैस सिलेंडरों से कार,मारुति वेन में भी रिफिलिंग की जा रही है और यह वाहन सड़कों पर बगैर परमिट फर्राटे से घरेलू गैस से दौड़ रहे हैं,इसके बाद भी प्रशासन गैस के रिफिलिंग के कारोबार को बंद कराने के लिए कोई प्रयास नहीं करता है। जिससे यह धंधा बेरोकटोक फलफूल रहा है।

सस्ती यात्रा के लालच में भरते हैं एलपीजी- सस्ती यात्रा के चक्कर में न तो वाहन स्वामियों को इसकी फिक्र है और न ही प्रशासन को कोई चिंता। बात यहीं तक सीमित नहीं है,यहां पर रसोई गैस की रिफिलिंग का धंधा चमका है। नगर में ही इसकी रिफिलिंग की जा रही है फिर भी प्रशासनिक अधिकारियों को यह नजर नहीं आती।

वाहनों में लगे गैस सिलेंडरों में हो रही है गैस रिफिलिंग- नगर में एलपीजी से चलने वाले वाहनों की संख्या काफी है। वहीं पेट्रोल के नाम पर पंजीकृत कारे भी अलग से किट लगवाकर गैस से ही चलायी जा रही है। वाहन मालिक वाहन को सुनसान जगह पर ले जाकर स्वयं असुरक्षित तरीके से गैस रिफिलिंग करते, वहीं ब्रांडेड कंपनी की बजाय घटिया गैस किट लगाकर चलाए जा रहे इन वाहनों में हमेशा ही यह खतरा बना रहता है कि न जाने कब हादसा हो जाए,अवैध गैस रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिससे अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार बंद हो,नगर में खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर से वाहनों में गैस भरी जा रही है। जिसे कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सुनने-देखने वाला नहीं है।

## रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत, खिलाड़ियों की जीत पर पालक एवं खिलाड़ी हुए भावुक

# नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में 20 पदक जीतकर लौटे खिलाड़ी



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** नेशनल चैंपियनशिप हेतु मध्य प्रदेश ग्रेपलिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शहर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण में संचालित आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के 11 पहलवान खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक जीत के साथ 20 मैडल पर अपना नाम दर्ज किया।

विजेता खिलाड़ी दुर्गासाक्षी बैस 2 गोल्ड,श्रेया केवट 2 गोल्ड,सोम विश्वकर्मा 2 गोल्ड,आशना धुर्वे 1 गोल्ड 1 ब्रॉन्ज, श्रृष्टि पांडे 1सिल्वर 1 ब्रॉन्ज, वरुण सल्लाम 1 सिल्वर 1 ब्रॉन्ज,मनन मिश्रा 2 ब्रॉन्ज,यथार्थ मानकदिवे 2 ब्रॉन्ज,वेदीश भूमरकर 1 ब्रॉन्ज, कुशाल कुशवाहा 1 ब्रॉन्ज, नक्ष जैसवाल 1 ब्रॉन्ज, मो. आवान खान 1 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इन सभी खिलाड़ियों ने आगामी 24 से 26 नवंबर तक आयोजित नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप जम्मू कश्मीर में अपने-अपने आयु एवं वजन वर्ग में 7 गोल्ड 2 सिल्वर एवं 11 ब्रांच मैडल जीतकर मध्य प्रदेश को नेशनल चैंपियनशिप में तृतीय स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

यह ऐतिहासिक उपलब्धि जिले को गौरवान्वित करने वाली है। जब इन पहलवान खिलाड़ियों ने मेडल जीत कर जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन पर आगमन किया तो अकादमी के पालक गणों,शहर के गणमान्य नागरिकों ने स्टेशन पर पहुंचकर सभी खिलाड़ियों को तिलक लगाकर, माला पुष्प-गुच्छ देखकर, मिठाई खिलाकर,बैंड बाजे के साथ स्वागत किया। इस गौरवान्वित पल को देखते हुए खिलाड़ियों और माता-पिता भावुक हो उठे। पहलवान खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल आर्ट कोच राष्ट्रीय निर्णायक योगेश रुखमांगद को दिया। इस शानदार उपलब्धि पर ए स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष नितेश शुक्ला उपाध्यक्ष नितिन राजोरिया, आदिवासी विकास विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी कप्तान अनुरोध शर्मा, कोषाध्यक्ष सरिता रुखमांगद,अपील समिति सदस्य संजय जैन पार्षद अमित यादव, सहित अकादमी के समस्त पलक गणों ने हार्दिक बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### किसानों की मांगों को लेकर आज ज्ञापन सौपेगी चौरई ब्लॉक कांग्रेस

**चौरई,देशबन्धु।** क्षेत्र में किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर चौरई ब्लॉक कांग्रेस आज दो दिसंबर को चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौपेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर ने चर्चा में बताया कि क्षेत्र के किसान इस समय भारी समस्याओं से गुजर रहे हैं, जिसमें अघोषित बिजली कटौती, जले ट्रांसफार्मरों की समस्या, माचागोरा डैम से सिंचाई के लिए चौरई क्षेत्र के किसानों को पानी न मिल पाने की समस्या, जमुनिया लिफ्ट एरिगेशन 32 गांवों को पानी न मिल पाने की समस्या, सोसायटियों से नगद में पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार की खाद की कमी, अतिवृष्टि का मुआवजा न मिलने एवं चौरई में कृषि उपज मंडी में फैली अवस्थाओं से क्षेत्र के किसान आज परेशान है। किसानों की इन्हीं परेशानी को हल कराने की मांग को लेकर चौरई ब्लॉक कांग्रेस व नगर कांग्रेस सहित कांग्रेस परिवार के सभी अनुसांगिक संगठन चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह के नेतृत्व में किसानों के साथ मिलकर आज दो दिसंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे विधायक कार्यालय से एकत्रित होकर चौरई एसडीएम को एक ज्ञापन सौपेंगे।

### नहर संबंधी समस्याओं को हल कराने मुख्य अभियंता से मिले विधायक

**चौरई,देशबन्धु।** चौरई क्षेत्र की माचागोरा डैम की नहर संबंधी समस्याओं - दांयी तट नहर, बायीं तट नहर, माइनर नहरों, माइक्रो इरिगेशन व पेंच माइक्रो 1 इरिगेशन में आ रही परेशानियों एवं नहरों के पक्कीकरण के कार्य को जल्द पूर्ण कराने के संबंध में चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह क्षेत्र के किसानों के प्रतिनिधमंडल के साथ सिवनी में बैनगंगा कछार जल संसाधन विभाग सिवनी के मुख्य अभियंता अशोक कुमार डेहरिया से मिलकर चर्चा की व इन सभी समस्याओं के निराकरण की मांग की, जिस पर मुख्य अभियंता ने चौरई विधायक को इन सभी समस्याओं के जल्द निराकरण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर चौरई विधायक के साथ राजेन्द्र पटेल, लेखराम पटेल सहित अन्य किसान भी उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य की जांच को जनपद अध्यक्ष को लिखा शिकायत पत्र

**छपारा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत गंगाई रैयत मे नाली निर्माण कार्य सी सी सड़क निर्माण कार्य किया गया है जिसमें गुणवत्ता का अभाव है। उक्त आशय की शिकायत निलेश मर्सकोले जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 3 ने जनपद अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े को लिखे शिकायत पत्र में बताया की तकनीकी स्वीकृति का साइन बोर्ड भी नहीं लगाया गया, जिसमें पता भी नहीं चल पाता है कि किस मद से शासन की कितनी राशि से काम स्वीकृत किया गया हैं। उपयंत्री और ग्राम पंचायत सचिव की मिली भगत से शासन की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसी तरह लगभग ढाई साल से विधायक निधि से स्वीकृत सभा मंच का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है वर्तमान में जो कार्य सभा मंच का किया गया है, उसमें दरारें आ गई। इस तरह से उपयंत्री और सचिव के कारण ग्राम पंचायत में गुणवत्ता से कार्य नहीं किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय से जांच करवाने की जान अपेक्षा है। उक्त शिकायत पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ने गत दिनों ग्राम पंचायत गंगाई रैयत पहुंच कर लोगों से जनसंपर्क किया साथ ही उपरोक्त निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया उन्होंने कहा है कि जिला पंचायत सीईओ और जिला कलेक्टर से इसकी जांच करायेंगे।

### छात्रा का नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी में चयन

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम के वार्ड क्रमांक 17 स्थित स्व. रामभाऊ खंडाइत शिक्षण समिति द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल की कक्षा 5वीं की छात्रा महक गोले का नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी मे चयन हुआ है। महक ग्राम रामाकोना के किराणा व्यापारी जुगलकिशोर गोले तथा कविता गोले की बिटिया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर शाला के संचालक सदाशिव खंडाईत एवं प्राचार्या लक्ष्मी खंडाईत ने छात्रा को शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। पालक जुगल किशोर गोले ने बताया की मेरी बिटिया नवोदय विद्यालय मे चयन गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल की अच्छी पढ़ाई के कारण हो सका है।

### सेवानिवृत होने पर दी विदाई

**सौसर, देशबन्धु।** पीएल पवार कृषि विस्तार अधिकारी का विदाई समारोह संपन्न दिनांक 30 11 2024 को अर्धवार्षीकी आयू पूर्ण करने पर कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सौसर में पी.एल. पवार कृषि विस्तार अधिकारी का सेवानिवृत्त होने पर उन्हें बिदाई समारोह दी गई। इस अवसर पर दीपक चौरसिया, योगेश भलावी, केपी फोले आरबी लिखारे, दिलीप परतेती एवं समस्त कृषि स्टाफ सम्मिलित रहा कृषि परिवार की ओर से सेवानिवृत पवार को श्रीफल प्रतीक चिन्ह देकर उनके सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

# छात्र-छात्राओं ने बिखेरे संस्कृति और कला के रंग

## स्कूल के वार्षिक उत्सव का समापन



**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव नगर की शिक्षण संस्था यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल मुरदई रोड स्थित विद्यालय में वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्भत प्रतिभा का प्रदर्शन किया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित से हुई। जिसमें कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सरदार सिंह पटेल, मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर। जनपद अध्यक्ष आरती सतीश पटेल सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे दादूराम पटेल पार्षद डॉ जितेंद्र चौबे पार्षद मनीष जैन जितेंद्र पुरोहित पूर्व पार्षद दीपक सोनी और सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद पटेल ने किया पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल अपनी संबोधन में विद्यालय की कार्यशैली की सराहना की और छात्रों की प्रतिभा तथा अनुशासन की तारीफ की यह विद्यालय न केवल अकादमी क्षेत्र में बल्कि सांस्कृतिक और सह क्षैणणिक गतिविधियों में भी श्रेष्ठ है यह संस्थान समाज और देश की भविष्य को उज्जवल बनाने का काम कर रहा है कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें डांस ड्रामा और स्कूल रिपोर्ट प्रमुख थी छात्रों के प्रदर्शन ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का दिल छू लिया। इस आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की जा रही है।

## ग्राम सर्रा के हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विकासखंड के ग्राम सर्रा में हम होंगे कामयाब अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी रश्मि बोहरे एवं सब इंस्पेक्टर जयवती कुडोपे ने बच्चों को उनके अधिकार पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट,बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन नम्बर 181, चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, साईबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानियां, नशे से दूर रहने, कैरियर, स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को नशा मुक्त भारत एवं बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई, वहीं बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है एवं कानून का उल्लंघन है, इस अवसर पर श्रीमती अल्का जैन, शाला प्राचार्य उईके व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शंकरपट प्रतियोगिता का फीता काटकर जिपं सदस्य मोहोड़ ने किया शुभारंभ



**सौसर, देशबन्धु।** ग्राम ऐलकापार मे जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड ने नवयुवक शेतकरी संगठन ऐलकापार द्वारा आयोजित भव्य शंकर पट प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। शंकर पट प्रतियोगिता मे सर्वाधिक किसानो द्वारा रूचि ली जाती है चुंकि इस प्रतियोगिता मे बैल जोड़ी को दौडाया जाता है। रविवार को जिपं सदस्य मोहोड़ ने बैल जोड़ी की पूजा की तथा किसानो के गले मे पुष्पमाला पहनाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। संदीप मोहोड़ ने इस लक्ष्य मे कहा की हमारी सरकार द्वारा किसानो के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है. मै स्वयं भी किसानो को समय समय पर मदद करते रहता हूं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, सरपंच नामदेव पांडे, तिनखेडा सरपंच हरी धुर्वे ,शैषराव जिचकर, खेमराज सोनेकर, नामदेव पाल, दिलीप ठाकरे और ग्रामवासी एव क्षेत्र के किसान उपस्थित हुए।

## सिद्धघाट में आज से श्री रामकथा एवं सीताराम महायज्ञ का आयोजन

### नर्मदा तट पर होगा संतों का समागम, प्रवाहित होगी आध्यात्म की गंगा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के समीपवर्ती अंतर्गत आने वाले ग्राम नोनी करेलीकला के समीपस्थ स्थानीय सिद्धेश्वर धाम रामानंद संत आश्रम मां नर्मदा दक्षिण तट सिद्धघाट में विश्व कल्याण एवं भगवत प्राप्ति हेतु श्री सीताराम महायज्ञ का आयोजन गुरु भक्तों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें श्री सीताराम नाम संकीर्तन एवं राम कथा का नौ दिवसीय आयोजन आज दिनांक 2 दिसंबर दिन सोमवार से मंगलवार 10 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक महा आयोजन में कथावाचक परम पूज्य वैद्यर्त्रषि सीताराम दास महाराज श्री धाम वृंदावन वाले अपने मुखारविंद से रामकथा का श्रोताओं को रसपान कराएंगे। साथ ही साथ महायज्ञ में हवन आहुति दी जाएगी इस धार्मिक कार्यक्रम की आयोजन में यज्ञ आचार्य पंडित अशोक शास्त्री ललन महाराज कटनी वाले एवं समस्त ग्रामवासीयों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# मिलन समारोह आयोजित



**सौसर, देशबन्धु।** शनिवार को सौसर किराणा एवं एजेंसी व्यापारी संघ के तत्वावधान में दिपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम ग्राम पंचायत जाम के बेलगांव ग्राम के प्राचीन प्रसिद्ध चमत्कारिक बाल हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों द्वारा अपने-अपने विचार रखे।

साथ ही आगामी नव वर्ष 26 जनवरी को भव्यता के साथ में नूतन वर्षाभिनंदन समारोह के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। अध्यक्ष अजय अढाऊ द्वारा 2025 में प्रयाग राज में होने वाले कुम्भ में एक थैला एवं एक थाली देने के लिए व्यापारीयो से अनुरोध किया गया। वही संघ द्वारा प्रत्येक कार्यकारिणी के कार्यकाल का दो वर्ष के लिये निर्धारण किया गया। अवसर पर संघ संरक्षक शेषराव पोस्ते, गौरीशंकर डागा, सुरेश बागाणी, धर्मराज मुंदडा, संजय ठोंबरे, अब्दुल बारी, अध्यक्ष अजय अढाऊ, उपाध्यक्ष भैयालाल बाविसटाले, सचिव रामरतन डागा, सहसचिव पंकज बागानी, कोषाध्यक्ष राजेश लोणारे, महेन्द्र लोणारे, विशाल ठोंबरे, श्रीकांत पोस्ते, दीपक गजभिये, उदय ढाले, वहिद भाई कच्छी, शे लेन्द्र साबू, पराग बागाणी, यशवंत सूर्यवंशी, यादव बेंडे, एकनाथ धकाते, योगेश अढाऊ, मनोज जायसवाल, राजेश धामनकर, रमेश धुरडे आदि उपस्थित थे।

# सेन समाज ने मनाया दीप मिलन समारोह



**चौरई, देशबन्धु।** नगर के जनपद पंचायत भवन मे ब्लॉक सेन समाज के द्वारा मुख्य अतिथि नंदकिशोर वर्मा मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं केश शिल्पी मंडल के चेयरमेन व भारतीय सेन समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे की गरिमय उपस्थिति मे दीप मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यकम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यकम में श्री वर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में ब्लॉक कार्यकारणी के सदस्यो को इस विशाल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की एवं प्रदेश सरकार द्वारा केश शिल्पी योजना की जानकारी देकर उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सेन समाज के उत्थान के लिये शासन द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया एवं समाज की बेटियो को अच्छी शिक्षा मिल सके इस हेतु हम सभी को प्रयास करना है।

कार्यकम अध्यक्ष पडित रमेश दुबे द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा से आपके साथ है सेन समाज के हितो की रक्षा के लिये पार्टी व सरकार में सदैव ही कार्य किया है। सेन समाज ने भी पार्टी का सहयोग किया है आप सभी प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ ले। कार्यकम में सेन समाज द्वारा सामाजिक लोगो एवं प्रतिभान बच्चो का सम्मान किया गया जिन्होने समाज के हितो मे कार्य किया साथ ही जिनके द्वारा समाज का गौरव बढाने का कार्य किया इसके अलावा ब्लॉक सेन समाज द्वारा मुख्य अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंट एव शाल श्रीफल देकर सम्मानीत किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष सोहन श्रीवास द्वारा कार्यकम को सफल बनाने वाले प्रत्येक सदस्य का आभार एवं धन्यवाद प्रेतिष किया । कार्यक्रम में मुख्य रूपसे जनपद अध्यक्ष श्रीमति सरोज राधेश्याम रघुवशी नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन, सेन समाज प्रदेश अध्यक्ष दिनेश वदेवार, हेमन्त वंदेवार, अजय सेन, नारायण वदेवार विवके सराठे सदीप सराठे बब्लू वदेवार आशीष सिरोहिया राजकुमार वंदेवार सहित समस्त नगर व ब्लॉक सेन समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 02 दिसम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र-जेष्ठा।**

**मेष**
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ**
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।
`क-

**कर्क**
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह**
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला**
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु**
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर**
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.